हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 24 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

10 बरसात के बीच श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर मांगी मन्नतें



10 तीन अगस्त को शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव....



## खबर संक्षेप

### अवैध असलहा के साथ एक युवक गिरफ्तार

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने अनूपगढ़ के निकट युवक को काबू कर एक पिस्तौल बरामद किया है। सदर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि अनूपगढ़ के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को काबू कर लिया।

### विवाहिता से मारपीट कर नकदी व मोबाइल छीना

**कैथल।** सिविल लाइन पुलिस ने विवाहिता से दहेज के लिए मारपीट करने के आरोप में एक मामला दर्ज किया है। सुभाष नगर बाबा बस्ती की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी शादी कुछ समय पूर्व नसीब के साथ रिती रिवाज अनुसार हुई थी। आरोप है कि और अधिक दहेज की मांग को लेकर उसके ससुराल वाले उसके साथ मारपीट करते थे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो कांवडिए घायल

**जींद।** गांव बहादुरगढ़ के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो कांवडिए घायल हो गए। दोनों कांवडियों को सफीदों के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सदर थाना सफीदों पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव रावलवास हिसार निवासी मनजीत, मुकेश अपने साथियों के साथ हरिद्वार से कांवड लेकर बाइक से अपने गांव जा रहे थे।

### गांव जनेदपुर में मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** गांव जनेदपुर में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। जनेदपुर के बूटा राम ने सीवन पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 5 जुलाई को सायं करीब 4:00 बजे गांव के ही अजय, कृष्ण और सीताराम ने दो अन्य युवकों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया।

### बैंक खाते से दो लाख की राशि गायब, मामला दर्ज

**जींद।** उपभोक्ता के खाते से लगभग दो लाख रुपये की राशि गायब होने पर साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ब्राह्मणवास निवासी अजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत सात जुलाई को उसके खाते से लगभग दो लाख की राशि गायब हो गई।

### दो मोटरसाइकिल चोरी, मामला दर्ज

**कैथल।** कैथल में दो अलग अलग स्थानों से चोर दो बाइक चुरा कर ले गए। पहले मामले में शक्ति नगर के अजय ने सिविल लाइन पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोर 21 जुलाई को लाइफटाइम जिम ढांड रोड कैथल के सामने से उसकी बाइक चुरा कर ले गए। दूसरे मामले में गांव कौल के विनोद कुमार ने सिविल लाइन पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### मां-बेटा संदिग्ध हालात में लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव छात्तर से मां-बेटा के संदिग्ध हालात में गायब होने पर उचाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव छात्तर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 21 जुलाई को उसकी पत्नी तथा बेटा घर से गायब हो गए। तलाशने करने पर उसकी पत्नी तथा बेटे का सुराग नही लगा।

### कैथलः अंबाला रोड से किशोरी का अपहरण

**कैथल।** कैथल शहर से एक किशोरी के अपहरण का मामला प्रकाश में आया है। कैथल की एक कॉलोनी के व्यक्ति ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 जुलाई को जब उसकी 15 वर्षीय बेटी अंबाला रोड स्थित स्कूल में जा रही थी तो कोई अज्ञात व्यक्ति उसका अपहरण कर ले गया।

## सीईटी परीक्षा: केंद्र पर इलेक्ट्रोनिक्स यंत्र ले जाने पर की सख्त मनाही

# सभी प्रश्नों का उतर देना अनिवार्य, जवाब भरने के बाद स्क्रैच किया तो होगा पेपर रद

परीक्षा में अंगूठी, चेन कान की बाली, नोज पिन, चूड़ियां, कंगन, हार, ताबीज, कड़ा पहने पर रहेगा प्रतिबंधित

### केंद्र तक सुरक्षा व वीडियोग्राफी के बीच पहुंच जाएगी परीक्षा सामग्री



जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते डीसी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीईटी परिक्षा के दृष्टिगत डीसी मोहम्मद इमरान रजा व हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य अमर सिंह ने बुधवार को डीआरडीए के सभागार में परिक्षा प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों तथा सेंटर सुपरवाइजरों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि सभी सेंटर सुपरवाइजर आयोग द्वारा जारी हिदायतों की पालना करते हुए सीईटी की परिक्षा को निष्पक्षता, नकल रहित तथा शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने की दिशा में पूरी गंभीरता से कार्य करें। परीक्षा केंद्र में ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों के अलावा किसी भी बाहरी व्यक्ति को प्रवेश नहीं करने दें। अभ्यर्थियों की जांच पडताल के बाद ही उन्हें निर्धारित स्थान पर बैठाएं और इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि परिक्षा के पांच मिनट पहले जैमर को ऑन करें ताकि बायोमेट्रिक आदि का कार्य सुचारू रूप से हो सके। सुरक्षा को लेकर व्यापक पुलिसबल की नियुक्ति होगी। सीईटी की परीक्षा को लेकर एडीसी विवेक आर्य को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य अमर सिंह ने कहा कि परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बस अडडों पर हैल्प डेस्क स्थापित होंगे। परीक्षा केंद्र में किसी भी व्यक्ति को मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रोनिक्स यंत्र ले जाने पर सख्त मनाही है। परीक्षा में गैरहाजिर रहने वाले परीक्षार्थियों की सूची जल्द से जल्द तैयार करके सांझा करें। सेंटर सुपरवाइजर इस बात का विशेष ध्यान रखें कि सभी परीक्षार्थी अपने निर्धारित स्थान पर बैठ कर स्वयं पूरी जानकारी भरें। परीक्षार्थियों को यह भी बताएं कि सभी प्रश्नों का जवाब देना अनिवार्य है। एक बार जवाब भरने के बाद उसे स्क्रैच नही करना है। अन्यथा उसका प्रश्न पेपर रद्द हो सकता है। इस समुचि परिक्षा प्रक्रिया की मॉनिटरिंग स्वयं मुख्यमंत्री कर रहे है। हम सभी को पूरी जिम्मेदारी व संवेदनशीलता से कार्य करते हुए परीक्षा को सम्पन्न करवाना है। सभी परीक्षा केन्द्रों में आयोग की हिदायतों अनुसार मूलभूत सुविधाएं होनी चाहिए। एडीसी विवेक आर्य ने कहा कि परीक्षा के दिन व्यापक सुरक्षा और वीडियोग्राफी के बीच संबंधित परीक्षा केंद्रों में परीक्षा सामग्री पहुंचाई जाएगी। सभी सेंटर सुपरवाइजर पूरी जिम्मेदारी के साथ परीक्षार्थियों को परीक्षा सामग्री सौपेंगे।

#### सुरक्षा के होंगे व्यापक प्रबंध

परीक्षा केंद्रों व आसपास क्षेत्रों में होंगे सुरक्षा के व्यापक प्रबंध : एसपी पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों व आसपास के क्षेत्रों में व्यापक पुलिसबल की तैनाती की जाएगी। परीक्षा केंद्रों की परिधि के अलावा बाहर भी पुलिसबल लगाया जाएगा। इसके साथ-साथ पेट्रोलिंग पार्टी भी बनाई जाएगी जो निरंतर सभी परीक्षा केंद्रों का दौरा करती रहेगी। विभिन्न स्थानों पर नाके भी लगाए जाएंगे। सभी ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ भी पुलिसबल तैनात होगा। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस की निगरानी में परीक्षा की सामग्री पहुंचाई जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एएसपी सोनाक्षी सिंह नोडल रहेगी।

#### इन चीजों पर रहेगा प्रतिबंध

सीईटी परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र में कोई भी मोबाइल फोन, किसी भी प्रकार की घड़ी, बेल्ट, इलेक्ट्रोनिक या संचार उपकरण, पेन, पेंसिल, इरेजर, शॉर्पनर, करेक्टिंग फ्लूइड, अंगूठी, चेन, कान की बाली, नोज पिन, चूड़ियां, कंगन, हार, ताबीज, कड़ा आदि पहनना प्रतिबंधित है। यदि किसी परीक्षार्थी के पास ऐसी कोई वस्तु पाई जाती है, तो उसे परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

#### ये रहे मौजूद

एएसपी सोनाक्षी सिंह, डीएमसी सुरेंद्र दून, जींद एसडीएम सत्यवान सिंह मान, उचाना एसडीएम दलजीत सिंह, नरवाना एसडीएम जगदीश चंद्र, जुलाना एसडीएम होशियार सिंह, सफीदों एसडीएम पुलकित मल्होत्रा, नगराधीश मोनिका रानी, जीएम राहुल जैन, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, डीईओ सुभाष वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



जींद। बैठक में मौजूद विभागों के अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

## कैथल पुलिस के पुख्ता प्रबंध ६00 कर्मियों की लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले में 26 व 27 जुलाई को करवाई जाने वाली कोमन पात्रता परीक्षा (सीईटी) के सफल व शांतिपूर्ण तरीके से संचालन को लेकर कैथल पुलिस द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के दिशा-निर्देशानुसार करीब 600 पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी आस्था मोदी द्वारा सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए गए कि वे दिनांक 26 व 27 जुलाई को 33 परीक्षा केन्द्रो पर सीईटी परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों से सद्द व्यवहार करे तथा असामाजिक तत्वों के साथ कड़ाई पूर्वक निपटने में संकोच न करें ताकि परीक्षार्थियों द्वारा दी जाने वाली परीक्षा निर्बाध रूप से नकल रहित एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाई जा सके। पुलिस द्वारा सभी परिक्षा केन्द्रो पर समुचित संख्या में पुलिस बल तैनात करने के अतिरिक्त पीसीआर व राइडर को आदेश दिए गये है कि वे इन क्षेत्रों में प्रभावशाली निरंतर पेट्रोलिंग करे। अगर उनके किसी काम में अनियमितता पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

#### सभी 33 परीक्षा केन्द्रों पर समुचित प्रबंध किए

एसपी आस्था मोदी ने बताया कि शनिवार व रविवार सुबह व शाम के समय हरियाणा स्टाफ सेलेक्शन कमीशन द्वारा सीईटी ग्रुप सी लिखित परीक्षा के लिए आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए पुलिस द्वारा सभी 33 परीक्षा केन्द्रो पर समुचित प्रबंध किए गए है। परीक्षा को बगैर किसी बाहरी हस्तक्षेप के संपन्न करवाने तथा कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों को चेतावनी देते पुलिस को इस प्रकार के तत्वों के खिलाफ कड़ाई पूर्वक निपटने के आदेश दिए गये है। इसके साथ साथ बस स्टैंड पर भी उचित पुलिस बल की ड्यूटियां लगाई गई है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

- जागरण में गाने बजा कर दोस्तों के साथ करसोला लौट रहा था दिनेश



जींद। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव किलाजफरगढ़ के निकट बीती रात तेजरफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक जागरण में गाने बजाने का कार्य करता था। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव करसोला निवासी दिनेश बीती रात किलाजफरगढ़ शिवरात्रि के उपलक्ष में जागरण में गया हुआ था। देर रात को वह जागरण से अपने दो साथियों के साथ बाइक से घर लौट रहा था। गांव से निकलते ही कुछ दूरी उनकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया। दिनेश अपने दोनों साथियों को बाइक के पास छोड़ कुछ दूरी पर पट्रोल लेने चला गया। उसी दौरान अज्ञात वाहन ने दिनेश को टक्कर मार दी। जिसमें दिनेश की मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक वाहन समेत फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। जुलाना थाना पुलिस ने मृतक के परिजन की शिकायत पर फरार अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। जुलाना थाना प्रभारी रविंद्र ने बताया कि मृतक के बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया था। जब वह पेट्रोल पंप की तरफ जा रहा था। उसी दौरान तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया है।

## अवैध निर्माण पर प्रशासन ने चलाया पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

शिवरात्रि पर प्रशासन के पीले पंजे ने अवैध कॉलोनियों पर मचाया तांडव। नगर योजना अधिकारी डीटीपी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में ड्यूटी मैजिस्ट्रेट एमई राजेश कुमार, प्रशासनिक टीम और पुलिस बल ने पूंडरी शहर में गुरु ब्रह्मानंद कॉलोनी के पास करीब 13 एकड़ में अवैध रूप से विकसित कॉलोनी पर कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीनों से सडक़ों, चारदीवारी, गेट और पाइपलाइन को ध्वस्त कर दिया। प्रशासन ने तीन जेसीबी मशीनों की सहायता से कॉलोनी की साज-सज्जा को तहस-नहस कर दिया। इस कार्रवाई से अवैध कॉलोनी में प्लॉट खरीद चुके लोगों में हडक़ंप मच गया, वहीं दूसरी ओर आमजन में राहत की भावना भी देखी गई, जो ऐसी अव्यवस्थित कॉलोनियों में फंसने से बच गए। कई प्लॉट धारकों ने प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल खड़े किए। उनका कहना था कि जब कॉलोनी काटी जा रही थी और विकास कार्य हो रहे थे, तब प्रशासन क्यों चुप था? यदि उस समय ही सख्ती बरती जाती, तो लोग अपनी जिंदगी भर की कमाई इसमें न लगाते। अब जब कॉलोनी में प्लॉट बिक चुके हैं, चारदीवारियां खड़ी हो गई हैं, तब जेसीबी चलाना गरीब लोगों के साथ नाइंसाफी है। स्थानीय लोगों ने यह भी मांग उठाई कि नगर योजना विभाग और संबंधित अधिकारी अवैध कॉलोनियों को शुरुआती स्तर पर ही रोकें, ताकि आम नागरिकों को ठगा न जाए। ऐसे मामलों में बिचौलियों भूमाफियाओं पर पहले सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, जो मासूम लोगों को प्लॉट के सपने दिखाकर उनकी कमाई हड़प लेते हैं। प्रशासन की पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण रही। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए प्रशासन पूर्ण तैयार था। लोगों को भी अवैध कालोनियों में प्लाट लेने से बचना चाहिए।



पूंडरी। अवैध कालोनी पर पीला पंजा चलते हुए। फोटो :हरिभूमि

## अस्पताल में इमरजेंसी सेवाएं होंगी मजबूत

- नए ज्वायन चिकित्सकों से ली जाएंगी इमरजेंसी वार्ड और पोस्टमार्टम सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की इमरजेंसी सेवाएं पहले से भी सुदृढ़ होने जा रही हैं। जींद को नई भर्ती से 18 चिकित्सक मिले हैं। इन चिकित्सकों में से जिन्होंने ज्वायन किया है उन्हें इमरजेंसी वार्ड में अपनी सेवाएं देनी होंगी। इसके साथ ही पोस्टमार्टम को लेकर भी ये चिकित्सक अहम भूमिका निभाएंगे। वहीं स्वास्थ्य योजनाओं को लेकर होने वाले कार्यक्रमों में भी इनचिकित्सकों की सहभागिता रहेगी। अस्पताल प्रशासन ने स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस कदम से मरीजों को त्वरित और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही अस्पताल के स्टाफ पर काम का बोझ भी कम होगा। नागरिक अस्पताल में अबतक डा. परमवीर राठी, डा. आरती, डा. सौरभ, डा. वैभव, डा. अभिषेक, डा. पूजा व डा. वंदना ज्वायन कर चुके हैं।

जबकि तीन चिकित्सकों द्वारा अपनी मेडिकल प्रक्रिया को पूरा करवाया ा ज रहा है। नए नियुक्त डॉक्टरों को इमरजेंसी विभाग में अपनी सेवाएं देनी होगी। जल्द ही इन चिकित्सकों का रोस्टर तैयार किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इन नियुक्तियों से अस्पताल की आपातकालीन सेवाएं पहले से कहीं अधिक प्रभावी होंगी और मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा। सार्थक टीम बुधवार को अपने तीन दिवसीय दौरे पर बुधवार को जींद पहुंची। हालांकि टीम सदस्यों ने पहले दिन फील्ड में रह कर सीएचसी, पीएचसी व सब सेंटरों को जांचने का काम किया। टीम द्वारा जिला में तीन दिन रह कर अस्पतालों में विभिन्न सुविधाओं और सेवाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। वीरवार को सार्थक टीम द्वारा नागरिक अस्पताल जींद का निरीक्षण किया जाएगा।

### गांव नरड़ के युवक की सड़क हादसे में मौत

**कैथल।** गांव ग्योंग व कठवाड़ के बीच कांवड़ियों का स्वागत करने के लिए गांव नरड़ के युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक अपने अन्य साथियों सहित नरड़ से टीक जा रहा था। उनके गांव के ही कुछ युवक कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार गए थे, जो बुधवार को दोपहर के समय वापस लौट रहे थे। वह अपने अन्य दोस्तों के साथ उनका स्वागत करने के लिए गांव टीक चला गया। वापस आते समय ग्योंग और कठवाड़ के बीच पहुंचते ही हादसा हो गया। घटना की सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि युवक बाइक सहित खेत में पक्की मेढ़ पर पड़ा हुआ था और उसका सिर मेढ़ से टकराकर हुआ था। वे उसे तुरंत अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक की पहचान गांव नरड़ निवासी करीब 25 वर्षीय श्यामलाल के रूप में हुई है।

## जियो फैंसिंग को लेकर जताया रोष

- स्वास्थ्यकर्मियों ने भाजपा जिला प्रधान को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जियो फेंसिंग उपस्थिति के विरोध में तथा नए नोरम के नाम पर समाप्त पदों को बहाल करवाने की मांग को लेकर बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसो के पदाधिकारियों ने भाजपा के जिला अध्यक्ष तेजेन्द्र ढुल को बुधवार को ज्ञापन सौंपा। एसो की राज्य उप प्रधान सुदेश की अध्यक्षता में दिएए ज्ञापन में मांग की गई कि जियो फैंसिंग के आदेशों को तुरंत वापस लिया जाए व एनएचएम तथा पीजीआईएमएस रोहतक के तहत कार्यरत एमपीएचडब्लू को नियमित कर्मचारी की भांति 4200 ग्रेड पे देने, राज्य के शहरी क्षेत्रों में बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारियों के समाप्त पदों को बहाल करने, डिमिशियन किए जा रहे पदों पर रोक लगाने, एलटीसी का बजट जारी करने, महिला एवं पुरूष एमपीएचडब्लू की पदोन्नति करने, राजस्थान की भांति महिला एमपीएचडब्लू को पदोन्नति के ज्यादा अवसर प्रदान करने, नए नोरम के नाम पर शहरी क्षेत्रों में समाप्त पदों को बहाल करते हुए आबादी अनुसार नए पद सृजित करने सहित सभी लंबित मांगों पर तुरन्त अमल करवाया जाए।





जींद। भाजपा जिला प्रधान को ज्ञापन सौंपते एसोसिएशन पदाधिकारी।

## किसानों को अच्छी बरसात की दरकार, सफीदों तथा पिल्लूखेड़ा में कम बारिश

# झमाझम बारिश ने उमस से दी राहत, फसलों को फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





शिव रात्रि को हुई झमाझम बारिश से मौसम दिनभर सुहाना बना रहा। बारिश से फसलों को भी काफी फायदा पहुंचा है। खेतों में पानी की जरूरत महसूस की जा रही थी। मौसम में बनी उमस से लोग भी परेशान थे। बारिश ने काफी कुछ हद तक लोगों को राहत दी है। बुधवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 80 प्रतिशत तथा हवा की गति दस किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। बीती रात जींद मे 14 एमएम, जुलाना में 25 एमएम, अलेवा में दो एमएम बारिश दर्ज की गई। जबकि अन्य स्थानों पर बूंदाबांदी दर्ज की गई। उमस भरे मौसम से राहत दी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान बूंदाबांदी के साथ बारिश की संभावना है। तापमान मे भी गिरावट आएगी। मानसून सीजन होने के बाद भी जिले में अबतक कम बारिश हुई। जिसके चलते खेतों में पानी की जरूरत महसूस की जा रही है। मौसम भी उमस भरा बना हुआ था। मंगलवार देर रात को मौसम ने करवट ली और मध्यरात्रि के बाद झमाझम बारिश हुई। बुधवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों के साथ हुआ था। दोपहर को फिर से बारिश हुई। जिसने उमस से काफी राहत दी। आकाश में छाए बादलों से बारिश के आसार भी बने रहे। अच्छी बारिश न होने के कारण किसानों का परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। धान बैल्ट सफीदों तथा पिल्लूखेड़ा में काफी कम बारिश हुई है। किसानों टयूब्वैलों से पानी की पूर्ति करनी पड़ रही थी। मध्यरात्रि के बाद हुई बारिश ने जुलाना तथा जींद के किसानो को कुछ राहत देने का काम किया है। जिले के किसानों को अच्छी बारिश की दरकार है। जिले में धान का रकबा लगभग दो लाख हैक्टेयर पहुंचने की संभावना है।

मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। जिले में जहां बारिश हुई है, वहां फसलों को फायदा पहुंचा है। बारिश की संभावना बनी है। जिससे तापमान मे भी गिरावट आएगी।

### बाली झपटने का आरोपी दो दिन के रिमांड पर भेजा

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस ने महिला को बाइक पर लिफ्ट देकर बालियां झपटने के मामले में उल्लेखनीय सफलता हासिल करते आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी ने कैथल में इस तरह की 2 वारदात की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला जींद के पाजू कलां निवासी महिला शकुंतला की शिकायत अनुसार वह 16 जुलाई को कलायत जाने के लिए बस स्टैंड कैथल पर खड़ी थी। बस स्टैंड पर बाइक पर आए एक युवक ने उससे पूछा कि ताई कहा जाना है। उसने कहा वह कलायत जाएगी। युवक ने कहा कि वह कलायत जा रहा है। उसके साथ चल पड़ो। महिला उसके पीछे बाइक पर बैठ गई। फ्रांसवाला रोड़ कैथल पर पहुंचने उपरांत उसको बाइक से नीचे उतार दिया तथा उक्त युवक उसके दोनों कानों की बालियां व गले का ओम छीनकर भाग गया।

## खबर संक्षेप

### आज एक घंटे तक बंद रहेगी सप्लाई

**जींद।** वीरवार को ओल्ड पावर हाउस में कई फीडरों पर बिजली सप्लाई सुबह 8 से 9 बजे तक बंद रहेगी। निगम के अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा ने बताया कि सुबह मुरम्मत के काम के चलते फीडर 1 से जुड़े जाट स्कूल, रानी तालाब, हरि नगर, कानूनगो मोहल्ला, नई सब्जी मंडी, आशरी गेट, फीडर 3 से जुड़ी इंदिरा कालोनी, वेद नगर, जैन नगर, झांझ गेट, पंजाबी बाजार, मेन बाजार, फीडर 5 से जुड़ी विश्वकर्मा कालोनी, चक्कर रोड, मेन वाटर सप्लाई, काठ मंडी एरिया में बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

### वाल्मीकि महासभा ब्लाक अलेवा प्रधान बने तेजवीर

**अलेवा।** अलेवा गांव में हरियाणा वाल्मीकि महासभा की ब्लाक कार्यकारिणी का चुनाव करवाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा वाल्मीकि महासभा के जिला प्रधान संजीव वैद ने की। इस दौरान सर्वसम्मति से तेजवीर उर्फ बोबला को ब्लाक प्रधान चुना गया। इसी क्रम में मोतीलाल दुड़ाना को उप प्रधान, संजय थुआ को महासचिव, संजय पुहाल बिघाना को सचिवए बिजेंद्र अलेवा को मुख्य सलाहकार चुना गया।

### राजेश बूरा को इनेलो युवा जिलाध्यक्ष मनोनित किया

**जींद।** इनेलो कार्यालय में कार्यकर्ताओं की जिलास्तरीय बैठक जिला प्रधान विजेंद्र रेढू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मुख्यातिथ के रूप में इनेलो जिला प्रभारी पूर्व विधायक रामफल कुंडू ने शिरकत की। जिला जींद के कुछ और व्यक्तियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें जिला संयोजकों के रूप में राजेश बूरा हॉट को युवा जिलाध्यक्ष, एडवोकेट भूपेंद्र को कानूनी प्रकोष्ठ, प्रो. बलवान पेगां को बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ, सरदार लखविंद्र सिंह को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, अमित मलिक को खेल प्रकोष्ठ एवं लाल सिंह बीबीपुर को व्यापार प्रकोष्ठ मुख्य रूप से हैं।

### जलालपुर कलां में किया डेंगू से बचाव बारे जागरूक

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत जलालपुर कलां गांव में स्वास्थ्य कर्मियों ने डेंगू से बचाव बारे जागरूक किया व मच्छरजनित बीमारियों की जानकारी से सम्बंधित पम्पलेट भी बांटे गए। एमपीएचडब्ल्यू पवन श्योकंद व पूनम रानी ने ग्रामवासियों को जागरूक करते हुए कहा कि आप सभी स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें।

### सीवरेज के टूटे ढक्कन बने हादसों का कारण

**नरवाना।** नरवाना की लाइफ लाइन रेलवे का नया पुल उससे पुरानी अनाज मंडी लोहा मंडी में आते हुए रास्ता मे लगातार दो.तीन सीवरेज के ढक्कन टूटे हुए हैं पूरे सीवरेज ही ध्वस्त है और प्रशासनिक अमला जैसे कि पब्लिक हेल्थए डीएसपीए सिटी थाना के सभी वाहनए एचडी कन्या महाविद्यालय के बच्चों की स्कूल बस यहीं से होकर निकलते हैं यहां पर नजदीक सिटी थाना भी है नई रेलवे पुल के नीचे। सबसे बड़ी बात तो यह है कि पब्लिक हेल्थ की गाड़ी यहां से लगातार दिन में कई चक्कर लगाती है।

### शिवरात्रि पर गोमाता को हरा चारा खिलाया

**नरवाना।** शिव रात्रि के पावन अवसर पर श्री राधे श्याम गौशाला में सवा मणी लगा कर हरा चारा गौ माता को डालते गर्ग परिवार के विनित सुपुत्र सतीश गर्ग उनके पूरे परिवार के साथ मिलकर श्री राधे श्याम गोशाला में पधारकर गो माता का दान स्वरूप भेंट कर गौदान का कार्यक्रम सम्पन्न किया । तत्पश्चात परिवार ने हरे चारे से सेवा करके गोमाता की पूजा अर्चना कर आरती उतारी। गोशाला में निरन्तर सहयोग के लिए राधेश्याम गऊ आश्रम ट्रस्ट ने पूरे परिवार का धन्यवाद किया।

### सुप्रीम स्कूल में शिवरात्रि पर भव्य कार्यक्रम हुआ

**जींद।** सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिवरात्रि का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया। विद्यालय परिसर स्थित शिव मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन किया। जिसमें कक्षा एक से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। शुरुआत ओम नमः शिवाय के बाद सभी विद्यार्थियों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भगवान शिव का पूजन किया।

## जिलेभर में श्रद्धा से मनाया शिवरात्रि का पर्व, जयंती देवी मंदिर में लगा मेला, श्रद्धालुओं ने की खरीदारी

# बरसात के बीच श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर मांगी मन्नतें

### अल सुबह ही मंदिरों में लगी शिवभक्तों की लाइनें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जिलेभर में बुधवार को शिवरात्रि का पर्व श्रद्धा से मनाया गया। अल सुबह ही शहर के मंदिरों व शिवालयों में श्रद्धालु पहुंचना शुरू हो गए और देखते ही देखते लंबी लाइनें लग गई। बारिश के बीच श्रद्धालु मंदिर में भोले बाबा के पूरा दिन जयकारे लगाते रहे तो कुछ शिवभक्तों ने गौमुख तथा हरिद्वार से कावड़ ला कर पवित्र गंगा जल से शहर के विभिन्न शिव मंदिरों में जलाभिषेक कर सुखद जीवन की कामना की। जयंती देवी मंदिर में हुआ रूद्राभिषेकः जयंती देवी मंदिर रूद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। श्रद्धालुओं ने ओम नमः शिवाय व महामृत्युंज्य मंत्र के द्वारा पंचामृत, बेलपत्र, आक, धतूरा, फल व मिष्ठान से पूजन किया। इस दिन कि मान्यता यह है कि भगवन शिव सरल उपासना से ही प्रसन्न हो जाते हैं और हर असंभव को भी संभव बना देने की शक्ति पा लेते हैं। इस दिन पूजन करने से हम अपने कष्टों को दूर करके व सभी मनोकामनाओं को पूर्ण कर सकते हैं। शिव की कृपा से हमारी सारी समस्याओं का अंत हो जाता है और अलग-अलग सामग्री के द्वारा हमारी मनोकामनाए पूर्ण हो जाती है। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि इस बार शिवरात्रि पर्व पर सर्वार्थ सिद्धि, गजकेसरी, नवपंचम जैसे कई राजयोगों का निर्माण हुआ है।




जींद। शिवरात्रि पर्व पर जलाभिषेक के लिए लाइन में लगे श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि



जींद। जयंती देवी मंदिर में शिव की आरती गाते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि





जींद। शिवरात्रि पर्व पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

शिवरात्रि के दिन शिव स्तुति, शिव मंत्र, शिव सहस्त्रनाम, शिव चालीसा, शिव तांडव, रुद्राष्टक, शिव पुराण और शिव आरती गाना अत्यधिक फलदायी माने जाते हैं। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने कहा कि महाशिवरात्रि हिंदुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह भगवान शिव का प्रमुख पर्व है। फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को शिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। माना जाता है कि सृष्टि के प्रारंभ में इसी दिन मध्यरात्रि भगवान शंकर का ब्रह्मा से रुद्र के रूप में अवतरण हुआ था। महाशिव व्रत कल्याणकारी मनोरथों को पूर्ण करने वाले, अरोग्य देने वाले व मोक्ष का दाता है। मंदिरों में लगी श्रद्धालुओं की लंबी लाइनेंः महाशिवरात्री पर्व पर जयंती देवी मंदिर, ऐतिहासिक भूतेश्वर मंदिर, ठिठारी महादेव, सोमनाथ मंदिर, हनुमान मंदिर, शिव चौंक, सफीदों गेट में सुबह से ही शिवभक्तों की लाइनें लगनी शुरू हो गई थी। शहर में जगह-जगह भंडारों का भी आयोजन किया गया। जिसमें शिव भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।



जींद। कार्यक्रम की प्रस्तुति देते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### शिव तांडव से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया

**जींद।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के प्राइमरी विभाग की सैपलिंग शाखा में शिवरात्रि पर्व का आयोजन किया। आयोजन नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और आध्यात्मिक मूल्यों से परिचित कराने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से दूसरी तक के सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चे विभिन्न देवी व देवताओं के पारंपरिक परिधानों में सजधज कर विद्यालय पहुंचे। किसी ने भगवान शिव का रूप धारण किया तो किसी ने माता पार्वती, नंदी, भूतगण एवं शिव के अन्य स्वरूपों का अभिनय किया। बच्चों की सजावट और उनकी प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सभा में ओम नमः शिवाय के उच्चारण और शिव स्तुति के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिका शिव विवाह ने सबका ध्यान आकर्षित किया। बच्चों ने अपनी मासूमियत से भगवान शिव और माता पार्वती के जीवन प्रसंगों को बहुत सुंदर ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया।



जींद। जयंती देवी मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करती हुई महिला श्रद्धालु ।

### कांवडियों ने किया जलाभिषेक

**जींद।** शिवरात्रि पर्व श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ मनाया। बुधवार को पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालु मंदिरो में पहुंच गये। हरिद्वार से कावड़ लाने वाले भोले के भक्तों ने शिवलिंग पर गंगा जल चढ़ा कर अपनी धार्मिक यात्रा संपन्न की। शहर के मंदिरो में व्रतधारियों की भीड़ खूब दिखाई दी। बड़ो के साथ-साथ बच्चों ने भी व्रत रखकर भोले बाबा से मनोकामनाएं पूर्ण करने के लिए अर्जी लगाई। शहर के महाभारत कालीन जयंती देवी मंदिर में भोले के भक्तों के लिए प्रसाद का प्रबंध किया गया था। व्रतधारियों के लिए सामकिये की खीर का प्रसाद बनाया गया था। शहर की कुलदेवी जयंती देवी मंदिर में भोले बाबा की आराधना करने के लिए हजारों लोग पहुंचे। श्रद्धालुओं ने कतार में खड़े होकर सिलसिलेवार जलाभिषेक किया।

### ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का आहान

**जींद।** हमेटी जींद में चल रहे प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण के समापन अवसर पर हमेटी के निदेशक डा. कर्म चंद ने प्रशिक्षण पर आए किसानों को संबोधित करते कहा कि बारिश का मौसम चल रहा है। यह पौधारोपण के लिए सबसे उचित समय है। प्राकृतिक खेती में भिन्न-भिन्न प्रकार की फसल बिजाई के साथ-साथ पेड़ पौधों का लगाना भी अति आवश्यक है। कहा कि पेड़ पौधों से भूमि में लाभकारी जीवाणुओं की संख्या में बढ़ोतरी होती है। वानिकी पौधों से मिलने वाली लकड़ी व फलदार पौधों से मिलने वाले फलों से किसानों को प्रति एकड़ अतिरिक्त आमदनी भी मिलती है। पेड़ पौधे पर्यावरण को शुद्ध व साफ बनाने में मदद करते हैं तथा प्राकृतिक आपदाओं के आने पर किसान के होने वाले नुकसान के रिस्क को भी घटा देते हैं। इसलिए हर किसान को खेतों की मेढ़ों पर ज्यादा से ज्यादा फलदार व वानिकी पौधे अवश्य लगाने चाहिए। डा. कर्मचंद ने बताया कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा सरकार ने गुरुग्राम व हिसार में ऑर्गेनिक मंडी खोलने का निर्णय लिया है जहां पर किसान प्राकृतिक तरीके से पैदा की फसलों को उचित मूल्य में बेच सकेंगे।



जींद। प्रशिक्षण के समापन पर मौजूद अधिकारी। फोटो :हरिभूमि



11 वर्ष से बिछड़े अशोक को भाई को सौंपते मानव तस्कर विरोधी इकाई के सदस्य।

### 11 वर्ष से बिछड़े युवक को परिजनों से मिलवाया

**जींद।** स्टेट क्राइम ब्रांच की स्थानीय मानव तस्कर विरोधी ईकाई ने मध्य प्रदेश से बिछड़े व्यक्ति को 11 वर्ष बाद उसके परिवार से मिलवाया है। जन सेवा संस्थान में मानव तस्कर विरोधी ईकाई के इंचार्ज एएसआई संदीप एवं उनकी टीम ने 37 वर्षीय अशोक कुमार को मध्यप्रदेश से आए उसके परिजनों के सुपुर्द किया। हरियाणा पुलिस बिछड़े लोगों को उनके परिवार से मिलवाने के लिए मिशन मुस्कान अभियान का संचालन करती है। मानव तस्कर विरोधी ईकाई के इंचार्ज एएसआई संदीप ने बताया कि अशोक कुमार की पिछले 11 सालों की दास्तां काफी मार्मिक और संघर्ष की है। मध्यप्रदेश के सागर जिला की बीना तहसील के देवल गांव से उसको लेने आए छोटे भाई शोभा राम ने बताया कि उसका भाई मानसिक परेशानी की हालत में 25 अगस्त 2014 को अचानक घर से निकल गया। उस समय उसकी उम्र लगभग 26 साल थी। इसके बाद घर वालों ने एक महीने तक उसे आसपास के गांव, कस्बों और रिश्तेदारियों में तलाश किया लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। उसकी मां गेंदावती ने 22 सितंबर थाना भानगढ़ में अपने बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई और थक हारकर घर बैठ गई। मानसिक परेशानी की हालत में एक वर्ष तक देश में विभिन्न स्थानों पर घूमते हुए 2015 में अशोक दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचा।

### टैगोर हाउस ने मारी बाजी

**नरवाना।** शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में पहली से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए एक रोमांचक अंतर.सदन सामाजिक विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्कूल के चारों हाउस . रमन हाउसए कलाम हाउस टेरेसा हाउस और टैगोर हाउस के छात्रों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों की इस प्रतियोगिता में अद्भुत उत्साह देखने को मिला। पहली से बारहवीं कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों ने सामाजिक विज्ञान विषय में दक्षता का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रत्येक हाउस के बच्चों ने सामाजिक विज्ञान से संबंधित प्रश्न बताने में प्रतिभा का परिचय दिया। पहली से बारहवीं कक्षा तक के सभी बच्चों को चार ग्रुप में बांटा गया पहली से दूसरी कक्षा को प्रथम ग्रुप में तीसरी से पांचवी कक्षा तक के बच्चों को द्वितीय ग्रुप में छठी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को तृतीय ग्रुप में और नवमी से बारहवीं कक्षा तक के सभी बच्चों को चतुर्थ ग्रुप में बांटा गया। जिसमें पहली से दूसरी कक्षा तक के बच्चों में टैगोर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसमें वंशजीत आरवीएनिकुंज और मनकीरत बच्चों ने अपनी.अपनी दक्षता को दिखाया।




नरवाना। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि




नरवाना। प्रमाण पत्र के साथ। फोटो :हरिभूमि

### पशु पालन प्रशिक्षण शिविर का समापन

**नरवाना।** पंजाब नैशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण द्वारा बेरोजगार युवकों को रोजगार उन्मुख बनाने के लिए समय.समय पर विभिन्न प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाता हैं इसी कड़ी में बेरोजगार युवकों की मांग पर केन्द्र द्वारा तीन दिवसीय पशु पालन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्धेश्य परंपरागत खेती से अलग अपना रोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित करना था। इस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न जगहों से आये 28 बेरोजगार युवकों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर लाला लाजपत राय पशु विज्ञान केन्द्र हिसार से डाव सुमित सरदाना डा रोबिन डा नवजोत नैन व केन्द्र निदेशक हितेश कालरा व स्टाफ उपस्थित रहा। डाव सुमित सरदाना ने सम्बोधित करते कहा कि सूअर पालन कम कीमत पर कम समय में अधिक आय देने वाला व्यवसाय साबित हो सकता हैं जो युवक पशु पालन को व्यवसाय के रूप में अपनाना चाहते हैं सूअर एक ऐसा पशु है जिसे पालना आय की दृष्टि से बहुत लाभदायक हैं क्योंकि सूअर को मांस प्राप्त करने के लिए ही पाला जाता हैं । इस पशु को पालने का लाभ यह है कि एक तो सूअर एक ही बार में 5 से 14 बच्चे देने की क्षमता वाला एक मात्र पशु है जिनसे मांस तो अधिक प्राप्त होता ही है और दूसरा इस पशु में अन्य पशुओं की तुलना में साधारण आहार को मांस में परिवर्तित करने की



जींद। कार्यक्रम में प्रो . लवलीन को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### व्यास पूजा कार्यक्रम आयोजित

**जींद।** गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय में सीआरएसयू विवि की रजिस्ट्रार लवलीन मोहन की उपस्थिति में तथा भारतीय शिक्षण मंडल के तत्वावधान में व्यास पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वंदना सभा में विद्यालय प्रधानाचार्य अजय कौशिक द्वारा लवलीन का अभिनंदन व स्वागत किया गया। कार्यक्रम में आधुनिक गुरु शिष्य की गरिमा को बनाए रखने के लिए लवलीन द्वारा छात्र व शिक्षक बंधु भगिनी को अनुभवजन्य उदाहरण देकर समाज में संस्कार पक्ष की पराकाष्ठा को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के लिए छात्र आत्मिक भावों का आधार हैं, इसलिए छात्र के सभी पक्षों पर शिक्षण के दौरान चर्चा होनी चाहिए। लवलीन ने अपने वक्तव्य में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के पक्ष को मजबूत करते छात्राओं को जीवन में आगे बढने का संदेश भी दिया। प्रधानाचार्य अजय, मीनू, नरेन्द्र व दीपक कौशिक द्वारा मुख्यअतिथि को हस्तनिर्मित पेंटिंग देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के सामाजिक विषयाचार्य सुशील द्वारा लवलीन का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया गया।

# तीन अगस्त को शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव करेंगी मिड- डे मील वर्कर्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जिले की मिड-डे मील वर्कर राज्य कमेटी के आह्वान पर तीन अगस्त को पानीपत में शिक्षा मंत्री के घेराव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लेंगी। ये फैसला बुधवार को मजदूर भवन धागा मिल कॉलोनी जिला प्रधान कैलाश खापड़ की अध्यक्षता में हुई जिलास्तरीय बैठक में लिया गया। इससे पहले जींद जिले के सभी पांचों विधायकों को मांग पत्र सौंपे जाएंगे व मांग की जाएगी कि जन प्रतिनिधि होने के नाते वे उनकी मांगों का समाधान करवाएं। राज्य उपप्रधान सुनीता और राज्य कमेटी



सदस्य संदीप जाजवान ने बैठक में बात रखते हुए कहा कि सरकार लगातार उनकी मांगों की अनदेखी कर रही है। उनकी मुख्य मांगों में मिड-डे मील वर्कर को कर्मचारी का दर्जा देते हुए उन्हें पक्का करना, ऐसा होने तक उन्हें न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये दिया जाए। 10 महीनों की बजाय वेतन पूरे 12 महीनों का दिया जाए। सामाजिक सुरक्षा देते हुए पैंशन आदि सारे रिटायरमेंट बैनीफिट दिए जाएं। स्कूलों के मर्जर पर रोक लगे व हर स्कूल की पहले की तरह एसएमसी कमेटी अलग-अलग होएकम बच्चे होने पर वर्कर को हटाने की बजाय आसपास के स्कूल में समायोजित किया जाए। उन्होंने कहा कि उन्हें वेतन भी कई कई महीनों बाद दिया जाता है, वह भी पूरा नहीं दिया जाताए उसके लिए भी उन्हें आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ता है। संगठन की जिला प्रधान कैलाश, पिंकी, रचना, सुनीता और अनीता ने बैठक में बात रखते कहा कि वे बहुत विषम परिस्थितियों में काम करते हैं।




जींद। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### एकल नृत्य में सैटर्न हाउस रहा प्रथम

**जींद।** डीएन मॉडल स्कूल में शिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र ढिल्लों और विद्यालय की प्राचार्या राज रेढू ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम क शुरआत की। चारों सदनों ने एकल नृत्य और सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर भाग लिया। बच्चों ने भाषण, कविता और भजन के द्वारा शिव महिमा का बखान किया। बच्चों ने शिव पार्वती रूपी पौषाक धारण कर सबको मंत्रमुग्ध कर लिया। एकल नृत्य में सैटर्न हाउस प्रथम, अर्थ हाउस द्वितीय, जुपिटर हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नेप्च्यून हाउस ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। सामूहिक नृत्य में जुपिटर हाउस प्रथम, सैटर्न हाउस द्वितीय, नेपच्यून हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त करके अपनी जीत का परचम लहराया। अर्थ हाउस ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

## पालक परिवारों को हर महीने मिलेंगे चार हजार रुपये

# अनाथ-बेसहारा बच्चों को मिलेगा नया आशियाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

अनाथ और बेसहारा बच्चों को अब जिले में नया आशियाना मिलेगा। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन और जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा रोहिल्ला के दिशा-निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा फोस्टर केयर (पालक परिवार) योजना शुरू की गई है। इस योजना का उद्देश्य ऐसे बच्चों को एक सुरक्षित, प्यार भरा और अस्थायी घर उपलब्ध कराना हैए जिसकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुजाता ने बताया कि




जींद। लघु सचिवालय।

फोस्टर केयर एक ऐसी व्यवस्था है, जिसमें बच्चे अपने असली माता-पिता के बजाय उन पालक परिवारों के साथ रहते हैं जो उनकी देखभाल और पालन पोषण की जिम्मेदारी लेते हैं। ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता उनका पालन नही कर सकते, या जो बाल देखरेख संस्थानों में हैं और जिन्हें गोद नही लिया गया है या जिनके माता-पिता जेल में हैं या गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं, उन्हें पालक परिवारों के साथ तीन साल तक की अवधि के लिए रखा जा सकता है। इस योजना के तहत हर पालक परिवार को बच्चे की देखभाल के लिए प्रति माह 4000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। बाल कल्याण समिति और जिला बाल संरक्षण इकाई मिल कर योग्य पालक परिवारों की सूची तैयार करती है और फिर चयनित बच्चों को उन परिवारों में सौंपा जाता है। पालक दंपतियों के लिए कुछ मापदंड तय किए गए हैं जैसे कि दोनों पति व पत्नी भारतीय नागरिक हों, उनकी उम्र 35 वर्ष से अधिक हो, वे मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ हों, बच्चे की देखभाल करने में सक्षम हों और उनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड न हो। साथ ही वे बच्चे की स्थिति पर होने वाली फॉलोअप बैठकों में भाग लेने को भी तैयार हों। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि इच्छुक पालक परिवार जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग जींद से संपर्क कर सकते हैं। इसका कार्यालय कंज्यूमर कोर्ट बिल्डिंग के प्रथम तल पर स्थित है तथा संपर्क के लिए दूरभाष संख्या 01681-245003, 246007 है। यह योजना इन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और समाज में सहानुभूति व संवेदना की भावना को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।



जींद। धरने पर बैठे बिजली कर्मी नारेबाजी करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### यूनियन का धरना रहा जारी

**जींद।** आल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन ने सब यूनिट नंबर 2 ने उपमंडल अधिकारी द्वारा गलत तरीके से किए गए ऑफिस ऑर्डर के खिलाफ धरना दूसरे दिन भी दिया। अध्यक्षता संदीप लाठर और धरना का संचालन सोनू डांगी ने किया। एसडीओ 2 द्वारा जो ऑर्डर किए हैं वो सरासर गलत है। जोकि किसी के बहकावे में आ कर किए गए हैं। एसडीओ द्वारा क्लेरिकल सीटों पर टेक्निकल स्टाफ बैठा रखा है। जबकि फील्ड में टेक्निकल स्टाफ की भारी कमी है। सब स्टेशन में पीने के पानी की कोई व्यवस्था नही है। पिछले कई महीने से किसी भी कर्मचारी को कोई सेफ्टी टूल किट नही दी गई है। इन मुद्दों को लेकर आज सब यूनिट नंबर 2 जींद में धरना दिया गया। प्रधान ने कहा कि अगर कर्मचारी समस्याओं का समाधान नहीं किया तो उपमंडल अधिकारी का घेराव नारेबाजी भी की जाएगी। धरना पर विशेष तौर पर सर्कल सचिव धर्मबीर भंभेवा, यूनिट सचिव संदीप गिल, यूनिट उपप्रधान विक्रम लुदाना भी धरने पर पहुंचे। बताया कि निगम मैनेजमेंट ने गलत तरीके से ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू करना चाहती है।

## खबर संक्षेप


कैथल। डा. विजय चावला विद्यार्थियों के साथ।

### विद्यार्थियों ने तैयार किया पहेलियों का पिटारा

**कैथल।** आरोही स्कूल ग्योंग में राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम के दिशा निर्देशानुसार विद्यालय स्तर पर हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम के विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करवाने हेतु विभिन्न भाषायी खेल तैयार करवाए गए। डॉ विजय ने बताया कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम के पत्र के अनुसार विद्यालय स्तर पर 6 से 8 तथा कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जानी है।


कैथल। हवन में आहुति देते स्टाफ।

### यज्ञ के साथ विवि में शैक्षणिक सत्र आरंभ

**कैथल।** महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विवि कैथल में नए शैक्षणिक सत्र 2025–26 के आरंभ के उपलक्ष्य में यज्ञ का आयोजन किया गया। यह यज्ञ भारतीय परंपरा, वैदिक संस्कृति एवं विवि की आंतरिक भावना के अनुरूप प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली परंपरा है, जिसका उद्देश्य वातावरण को शुद्ध, सकारात्मक एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देना है जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को एक प्रेरणादायक आरंभ मिल सके।


कैथल। बैठक में विचार विमर्श करते पूर्व सैनिक।

### धूमधाम से मनाया जाएगा कारगिल विजय दिवसः फौजी

**कैथल।** पूर्व सैनिक वेलफेयर एसो की जींद रोड कार्यालय में मीटिंग हुई। मीटिंग में 25 जुलाई शुक्रवार प्रात 9:00 बजे शहीद स्मारक पार्क रोड कैथल पर धूम धाम से मनाए जाने वाले कारगिल विजय दिवस की रूपरेखा सभी साथियों ने अपने-अपने विचार रखे। समारोह के कार्यक्रम बारे रूप रेखा तैयार की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उपयुक्त कैथल प्रीति जी, सुरभि गर्ग चेयरपर्सन नगर परिषद कैथल, एसडीएम गहुला कैप्टन परवेश कुमार एचसीएस के आगमन पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

### किसी भी बच्चे को खरीदना बेचना कानूनी जुर्मः कोमल

**कैथल।** निःसंतान दंपति अगर बच्चा गोद लेने की सोच रहे है, तो उन्हें दत्तक ग्रहण प्रक्रिया के बारे में जिला बाल संरक्षण इकाई, कैथल या विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी से जानकारी प्राप्त कर सकते है। बच्चा गोद लेने व देने के लिए सरकार ने किशोर न्याय अधिनियम 2015 एवं दत्तक ग्रहण विनियम 2022 बनाया हुआ है। इसके अनुसार बच्चा गोद लेने की प्रप्यि में मुख्य रूप से सेंट्रल एडॉप्शन रिर्सोस अथॉरिटी की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते है।

### खेत खलियान में करें पौधरोपण : सतपाल

**पूंडरी।** पूंडरी हलके का चहुंमुखी विकास करवाने के साथ-साथ विधायक सतपाल जांबा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। जिसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बरसाती मौसम में विधायक सतपाल जांबा ने हलके के करीब 25 गांवों में लगभग 3500 पौधे लगाए हैं।

### मारपीट में महिला का गर्भपात, मामला दर्ज

**कैथल।** कैथल के गांव भानपुरा में आपसी मारपीट में एक महिला का गर्भपात हो गया। गांव भानपुरा की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 21 जुलाई को देर रात करीब 8:00 बजे गांव के ही सुरेश तथा शलौन ने मिलकर उसके पिता पवन के साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। जैसे ही बीच बचाव के लिए आई तो आरोपियों ने धक्का दे दिया।

---

महिलाओं व पुरुषों ने शिवलिंग पर बेल पत्र, धतूरा, भांग के पत्ते, कच्चा दूध, फल व शहद चढ़ाया

# शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया, मंदिरों में शिवभक्तों ने किया भोले बाबा का जलाभिषेक

**सभी मंदिरों को भव्य ढंग से सजाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिलेभर में बुधवार को शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सभी मंदिरों को भव्य ढंग से सजाया गया। पर्व के तहत कांवड़ियों ने सुबह से ही भोले बाबा का जलाभिषेक करना शुरू कर दिया था। जिलेभर के शिवालयों में पूरा दिन बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। इसके तहत शहर के ऐतिहासिक व महाभारत कालीन प्राचीन मंदिर श्री ग्यारह रुद्री मंदिर, प्रताप गेट स्थित काली माता, हनुमान वाटिका स्थित शिव मंदिर, माता गेट स्थित सूरजकुंड मंदिर, शिव शक्ति धाम मंदिर, ढांड रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर में शिव भक्तों की सुबह पांच बजे ही भारी भीड़ जुटी। महिलाओं व पुरुषों ने शिवलिंग पर बेल पत्र, धतूरा, भांग के पत्ते, कच्चा दूध, फल व शहद चढ़ाया। इस मौके पर मंदिर में प्रसाद वितरण के कार्यक्रम भी आयोजित किए थे। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान भोले का प्रसाद ग्रहण किया।

इसी कड़ी में पाडला रोड स्थित शिव वाटिका में शिवरात्रि का त्योहार शिव वाटिका के प्रधान कृष्ण नारंग की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में भोले के दर्शन व जलाभिषेक करने के लिए लग गई।

इस अवसर पर मंदिर में हवन भी किया गया जिसमें मुख्य यजमान के रूप में प्रमुख समाज सेवी अमरजीत छाबड़ा, विन्नी छाबड़ा के साथ भारत भूषण सतीजा, रेणु सतीजा, अंकित टक्कर, कनिका टक्कर, कायरव, मदन लाल कटारिया, रेणु कटारिया सम्मिलित हुए। इस अवसर पर श्री गीता भवन के प्रधान कैलाश भगत साथ में मुख्य संरक्षक कमल आहूजा, इन्द्रजीत सरदाना, बिशम्बर अरोड़ा, राजेन्द्र खुराना, सुभाष चावला, कौशल खेत्रपाल, वरुण मदान, सुभाष कालड़ा, विनय बिट्टू दुआ, महेन्द्र बिन्दु मक्कड़, महेश कुर्रा, प्रवीण खुराना, सुरेश अलावादी, वेद नरूला भी भोले नाथ के दर्शन करने के लिए विशेष रूप से पहुंचे। प्रधान कृष्ण नारंग ने कहा कि कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी के दिन संध्या काल में शिवजी की पूजा और जलाभिषेक बहुत ही शुभ फलदायी माना गया है।

इस अवसर पर सुरेश अरोड़ा, वेद नरूला, जुगल मिगलानी, सतीश राजपाल, सुषम कपूर, मनोहर लाल आहूजा, ओम प्रकाश दुआ, योग राज बत्रा, धन सचदेवा, महेंद्र खन्ना, अनिल बत्रा, हरीश मदान, राम किशन दिगानी, शिव गाबा, राजू कालड़ा, प्रदीप तागरा, प्रदर्शन परुथी, मदन लाल सुनेजा, कृष्ण सुखीजा, अशोक गुलाटी, सीता राम गुलाटी, रोहित सरदाना, सुभाष कथूरिया, कंवल तनेजा, अनिल टक्कर, भारत भूषण टक्कर, महेन्द्र गंभीर भी मौजूद थे।



कैथल। शिव मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### भोलेनाथ के भक्तों का उमड़ा जनसैलाब

**पूंडरी।** सावन मास की पावन शिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को पूंडरी शहर एवं आसपास के गांवों में शिवभक्तों की आस्था और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। सुबह होते ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लाकर कांवड़ियों ने विभिन्न शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक कर विशेष पूजन-अर्चना की।श्रद्धा और समर्पण से ओतप्रोत यह दृश्य पूरे क्षेत्र में शिवभक्ति की अनोखी झलक प्रस्तुत कर रहा था। बीते कई दिनों से सैकड़ों किलोमीटर की कठिन यात्रा कर कांवड़िए आज अपने-अपने गांवों और शहर के शिवालयों तक पहुंचे और पवित्र गंगाजल से भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया। पूंडरी क्षेत्र के प्रसिद्ध ग्यारहरुद्री मंदिर, फरल में फालकेश्वर महादेव मंदिर, म्योली, मोहना, टयोंठा, सांच, रसीना, बाकल, बरसाना, हाब?, बदनारा व सिरसल गांव के शिवालयों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से लेकर देर रात तक मंदिरों में '? नमः शिवाय' के जयघोष और घंटियों की मधुर ध्वनि गूंजती रही।शिवभक्तों के लिए विभिन्न स्थानों पर भंडारों की व्यवस्था की गई, जहां लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। कई जगहों पर जागरण और भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर निरंजनी अखाड़े के स्वामी रवि गिरी जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रावण मास भगवान भोलेनाथ का अत्यंत प्रिय माह है। इस माह में की गई पूजा, भजन, प्रार्थना और आराधना विशेष फलदायक होती है। जो श्रद्धा और सच्चे मन से भोलेनाथ का नाम जपते हैं, उनके जीवन से सभी

### श्रद्धालुओं ने जमकर गुलाल उड़ाया

**राजौंद।** डाक कावड रंग बिरंगी पोशाकों में सजे कावडियों के जयकारों से नगर शिवमय में तबदील हो गया। शिव भक्त हरिद्वार से पावन गंगाजल लेकर जैसे ही नगर में पहुंचे उनके स्वागत के लिए श्रद्धालुओं ने जमकर गुलाल उड़ाया। ढोल की थाप पर हर कोई शिव के रंग में रंगता चला गया। अब की बार डाक कावड़ लाने वाले शिव भक्तों की संख्या भी पिछले वर्ष की अपेक्षा अधिक देखने को मिली।

### मनोकामना पूर्ति के लिए पूजा अर्चना की

*राजौंद। नगर सहित क्षेत्र के गांवों में शिवरात्रि का पर्व पूरे श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर के दुर्गा मंदिर में स्थित शिव मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को जल अर्पित कर अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए पूजा अर्चना की। दुर्गा मंदिर के पुजारी रामपाल कौशल ने बताया कि शिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिर में स्थित शिव लिंग पर जल चढ़ाने से 16 सोमवार जल चढ़ाने के समान पुण्य लगता है। उन्होंने बताया कि शिवरात्रि पर्व पर व्रत रखने वाले श्रद्धालु फलाहार पर व्रत कर सकते हैं। शिवरात्रि महा पर्व आदि-अनादि देव महादेव का पर्व है। यह पर्व वर्ष में दो बार मनाया जाता है। प्रथम फाल्गुन माह में तथा दूसरा श्रावण माह में। मंदिर में सुबह चार बजे से श्रद्धालुओं का तांता लग गया। वहीं क्षेत्र के गांव जाखौली, किठाना के शिव मंदिर में भी शिव रात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया।*

### प्राचीन शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़



- कलायत के गांव खड़ालवा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में उमड़ी श्रद्धालु की भीड़, शिवरात्रि पर भोले नाथ का जलाभिषेक

**कलायत।** कलायत के भगवान कपिल मुनि धाम, गांव खड़ालवा, श्री रुद्रपुरी, उत्तरी भारत का अजूबा कहे जाने वाले बिना चूना-मिट्टी से निर्मित पंच रथ शैली निर्मित शिव मंदिर, श्री खाटू श्याम व क्षेत्र भर के मंदिरों में पावन शिव रात्रि पर शिव महिमा की गूंज रही। जलाभिषेक के लिए भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी। जलाभिषेक के लिए पहला मुहूर्त सुबह 4 बजकर 15 मिनट से आरंभ हुआ। डाक कांवड चढने के बाद कांवडियों ने पूरी श्रद्धा के साथ महाकांत का गंगाजल के साथ जलाभिषेक किया। सुबह 4 बजे से ही जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जमा होना शुरू हो गई थी। खड़ालवा गांव स्थित शिव मंदिर करीब 5 हजार वर्ष पुराना है और इसे पाताल से प्रकट बताया जाता है। इसलिए इस स्थान पर भोले शिव शंकर को पातालेश्वर और खट्वांगेश्वर के नाम से जाना जाता है।

पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान शिव का संबंध भगवान राम की वंशावली से जुड़ा है। देव दानवों के युद्ध में राजा खटवांग ने देवों से युद्ध किया। जब उनकी जिंदगी के कुछ पल ही शेष बचे थे तो उन्होंने राज काज का परित्याग कर खड़ालवा में भगवान शिव का तप किया। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर स्वयं शिव भगवान प्रकट हुए और उन्होंने भगत को वरदान मांगने को कहा। इस पर खटवांग ने भगवान शिव से हर जन्म में प्रभु भक्ति की कामना जाहिर की। उसी का परिणाम था कि वे यहां खटवांग के नाम से जाने गए।

महंत रघुनाथ गिरी ने बताया कि श्रावण मास की शिवरात्रि पर मंदिर में कांवडियों व श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हजारों कांवडियों ने गोमुख व हरिद्वार से कांवड लाकर भोले बाबा का जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर में हुए भव्य आयोजन और जुडने वाली भारी भीड़ को नियंत्रित करने व व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए मंदिर के सेवादारों के अलावा स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही।

---

## उड़ जाइए रे कबूतर उड़ जाइए रे कबूतर. . .



कैथल। तीज उत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी तथा उपस्थित पदाधिकारी।

- बीआरडीएम स्कूल में रही तीज उत्सव की धूम विद्यार्थियों ने नृत्य में जमाया रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

बीआरडीएम स्कूल में तीज उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एस.एस. सोसायटी के चेयरमैन रवि भूषण गर्ग ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ कार्यक्रम में कुल 172 छात्रों ने भाग लिया।इस भव्य कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सुंदर-सुंदर हरियाणवी प्रवेश डाले हुए थे। प्री नर्सरी के छात्रों के द्वारा मंच पर /"इतनी सी हंसी ,इतनी सी खुशी/" गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया, तब दर्शक इन नन्हे परिंदों की उड़ान देखकर भाव मुक्त हो गए ।कक्षा नर्सरी के छात्रों ने /"उड़ जाइए रे कबूतर उड़ जाइए रे कबूतर गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में हरियाणवी फोग का तड़का लगा दिया। जब केजी के छात्रों की मंच पर बारी आई तब उन्होंने अपनी कली एक्टिवा पर सब दर्शकों को बिठा कार्यक्रम का समय बांध दिया। कार्यक्रम में हरियाणवी ,राजस्थानी और पंजाबी गीतों पर छात्र-छात्राओं के द्वारा सुंदर-सुंदर प्रस्तुति दी गई। रवि भूषण गर्ग व राज रानी गर्ग ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा भारत त्योहारों का देश है और हर त्यौहार का अपना महत्व है, हरियाणा में तीज का त्यौहार अपने अनोखी छठ बिखेरता है।

---

"नशा मुक्त हो जिला, सुरक्षित हो भविष्य/" अभियान

## कैथल को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस टीम कर रही लगातार जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला पुलिस द्वारा एसपी आस्था मोदी के नेतृत्व में /"नशा मुक्त हो जिला/" अभियान के तहत निरंतर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस मुहिम में डीएसपी कुलदीप बेनीवाल के नेतृत्व में एसआई कर्मबीर, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही किस्मत, एसपीओ राजपाल तथा एसपीओ प्रदीप कुमार की टीम स्कूल, कॉलेज, गाँव और मोहल्लों में जाकर आमजन, विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दे रही हैं। पुलिस कर्मियों द्वारा बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। साथ ही यह भी समझाया जा रहा है कि नशा न केवल स्वास्थ्य को हानि पहुंचाता है, बल्कि परिवार, समाज और भविष्य को भी अंधकार में धकेलता है। पुलिस टीमों द्वारा नशा पीड़ित व्यक्तियों की काउंसलिंग भी की जा रही है तथा जरूरतमंदों को इलाज के लिए प्रेरित किया जा रहा है।एसपी आस्था मोदी ने युवाओं को संदेश देते कहा कि "आपका भविष्य आपके हाथों में है। नशे की लत से दूर रहकर ही आप अपने जीवन को ऊँचाइयों तक पहुँचा सकते हैं। पढ़ाई, खेल और सेवा के माध्यम से अपने माता-पिता और समाज का नाम रोशन करें। हम सभी मिलकर ही जिला को नशा मुक्त बना सकते हैं। नशा मुक्त हो जिला, सुरक्षित हो भविष्य अभियान में हर जिला वासी सहयोगी करें। इस अभियान में समाज के हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है ताकि युवा पीढ़ी को नशे के दलदल से बचाया जा सके। एसपी ने यह भी अपील की कि यदि किसी क्षेत्र में नशा तस्करी की गतिविधियां हो रही हों, तो उसकी सूचना पुलिस को गुप्त रूप से दें।


कैथल। नशा न करने बारे जागरूक करती हुई पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

---

### किठाना स्कूल में माडल एग्जीबिशन का आयोजन


कैथल। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

**राजौंद।** किठाना पब्लिक स्कूल में माडल एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खास बात यह रही कि इस प्रदर्शनी में सिर्फ विज्ञान के छात्र ही नहीं,बल्कि कामर्स और दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भी पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। यह एग्जीबिशन चौथी कक्षा से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था। बच्चों ने अपने-अपने मॉडल बनाकर न केवल अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया,बल्कि उन्हें विस्तार से समझाया और प्रस्तुत भी किया। इस दौरान एम.डी. विकास ढांडा ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया। इस एग्जीबिशन का मूल्यांकन प्रधानाचार्या डा. सुमन ढांडा द्वारा किया गया। 12 वीं कक्षा में अंजली, खुशी व 11वीं कक्षा में अंजली, निशु, 10 वीं कक्षा में स्मृति, पूर्वा,योगेश,दक्ष 9 वीं कक्षा की वंशूल ,श्रुति व दिव्या, 8 वीं कक्षा के दीपिका, दीपांशु 7 वीं से जतिन,हर्षिता, तमन्ना,अंतिम, छठी कक्षा की कोमल व चौथी कक्षा की राखी के मॉडल को पुरस्कार के लिए चुना गया। इस दौरान रामफल ढांडा ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और इस एग्जीबिशन को मुमकिन बनाने वाले शिक्षक सीता सुमन,श्रुति,भावना की मेहनत की सराहना की।

### इंडक्शन एवं ओरियंटेशन कार्यक्रम 28 जुलाई को

**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष के नवागुंतक विद्यार्थियों का इंडक्शन एवं ओरियंटेशन कार्यक्रम 28 जुलाई को आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ सत्यबीर मैहला इन विद्यार्थियों का औपचारिक स्वागत करेंगे एवं महाविधालय की संरचनात्मक कार्यात्मक व्यवस्था से अवगत करवाऐंगे। विभिन्न प्रभागों- स्पोर्ट्स, सांस्कृतिक, एनसीसी, एनएसएस, महिला प्रभाग, एनईपी 2020 प्रभाग एवं कैरियर एवं गाईडेंस प्रभाग के संयोजक भी विद्यार्थियों को पीपीटी के द्वारा आवश्यक जानकारी देंगे। दोपहर बाद स्टाफ सचिव एवं सहसचिव का चुनाव होगा। 29 जुलाई को हवन यज्ञ के साथ शैक्षणिक सत्र का शुभारम्भ हो जाएगा। प्रधान प्रबंधन समिती अश्वनी शोरेवाला एवं प्रबंधन समिति के सम्मानित सदस्य हवन यज्ञ में पूर्ण आहुति देंगें।

### नैना देवी मंदिर में भंडारे के लिए भेजी सामग्री


कैथल। भंडारा सामग्री को रवाना करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

**कैथल।** नैना देवी भण्डारा समिति कैथल प्रतिवर्ष सावन के महीने में एकम से नवमी तक नैना देवी मंदिर हिमाचल प्रदेश में पिछले 66 वर्षों से भंडारा लगा रही है इस भण्डारे में तीनों समय भोजन के अतिरिक्त दूध, चाय, फल, खीर, हलवा, टिक्की, दही भल्ले, ब्रेड इत्यादि से भक्तों की सेवा की जाती है। इस वर्ष यह भण्डारा दिनांक 23 जुलाई से आरंभ होकर 03 अगस्त तक चलेगा। इस भण्डारे को रवानगी करने के लिए पहले छोटी देवी मंदिर में जाकर समिति के सदस्यों ने पूजा पाठ की और माता की आरती गाई तथा मंदिर से बाहर जहां पर सामग्री के ट्रक खडे थे वहां पर समिति के कोषाध्यक्ष श्री संजीव सिंगला ने अपने सभी सदस्यों सहित नारियल फोडकर भण्डारे सामग्री की रवानगी की। भण्डारा समिति के प्रधान पवन बंसल ने बताया कि यह भण्डारा पंडित राजेष की धर्मशाला, नया बस स्टैण्ड, पी डब्ल्यू डी रैस्ट हाऊस के सामने 3 अगस्त तक चलेगा ।

---


कैथल। नारेबाजी करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी

## वादाखिलाफी व स्कूल प्रबंधन कमेटी मर्जर के विरोध में सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित हरियाणा स्कूल अध्यापक संघ,चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन व हेमसा के साझे मंच हरियाणा शिक्षा विभाग कर्मचारी तालमेल कमेटी के आह्वान पर हरियाणा सरकार की वादाखिलाफी व प्रत्येक गांव में स्कूल प्रबंधन कमेटी की एक यूनिट बनाने के विरोध में 21 से 25 जुलाई तक ब्लाक स्तर पर धरना प्रदर्शन करते ज्ञापन सौंपे जाएंगे। कड़ी में खंड शिक्षा अधिकारी राजौंद के माध्यम से शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा गया। अध्यक्षता राजकुमार कश्यप खंड प्रधान राजौंद हरियाणा विधालय अध्यापक संघ ने की व संचालन रामभगत ने किया। राजकुमार कश्यप, खंड प्रधान राजौंद हरियाणा विधालय अध्यापक संघ ने बताया कि अगस्त तक हमारी मागें नहीं मानी गई तो सात सितंबर को शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार का घेराव किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कि रूल 2012 के अनुसार हरियाणा सरकार 50 प्रतिशत अंकों की आड़ में अध्यापकों को एसीपी प्रदान नहीं कर रही है।

### कर्मचारियों को अतिशीघ्र नियमित किया जाए

एक तरफ तो भाजपा सरकार पारदर्शिता का ढोल पीट रही है दूसरी तरफ कोई ना कोई बहाना लेकर अध्यापकों को लाभ प्रदान नहीं करती है।।11 नवंबर 2003 की पॉलिसी के तहत नियमित होने से रह गए कर्मचारियों को अतिशीघ्र नियमित किया जाए।नियमितीकरण की नीति बनाते हुए स्कूलों में कार्यरत सभी अनियमित शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों को पक्का किया जाए। सामाजिक सुरक्षा पुरानी पेंशन बहाल की जाए व चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों के भुगतान में आश्रित की आय की शर्त को हटाया जाए।इस अवसर पर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ सोम सिंह, कुलदीप सिंह, महाबीर सिंह, जसविंदर सिंह, किताब सिंह,

---

**प्रदर्शन** नप के 152 कच्चे सफाई कर्मी वेतन न मिलने से परिवार सहित भूखा मरने के कगार परः महेंद्र

## तीन महीने से वेतन न मिलने पर जताया रोष, नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की बलोक कमेटी कैथल ने कर्मचारिओ की मांगो व समस्याओ को लेकर नगर परिषद कैथल मे गेट मीटिंग की ओर नगर परिषद प्रसाशन व राज्य सरकार के विरोध मे जोरदार नारे बाजी की। इसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान ने की संचालन ब्लॉक सचिव विक्कीटाँक ने किया गेट मीटिंग मे बलोक के सभी पद अधिकारी दरोगा व भारी संख्या मे कच्चे पक्के सफाई कर्मचारी शामिल हुए। गेट मीटिंग मे कर्मचारिओ को सम्बोधित करते ब्लॉक प्रधान महेंद्र बिड़लान, सचिव विक्कीटाँक, जिला प्रधान गोरव टाँक,ब्लॉक के वरिष्ठ उपप्रधान राज कुमार मंचल, कैशियर जगदीश कुमार, उपप्रधान पंकज गिल ने कहा कि नगर परिषद कैथल मे कार्यरत 152 सफाई कर्मचारिओ को 3-महीने का बकाया वेतन देने सरकारी परिपत्र के अनुसार ईएसआई व ईपीएफ का उनके वेतन मे से कटा गया। पैसा इनके खाते मे जमा करने हर महीने वेतन का भुगतान करने ,सभी कच्चे-पक्के कर्मचारियो को सरकारी परिपत्र के अनुसार गर्मी व सर्दी की वर्दी, जूते - जूराबे, बरसात के मौसम मे बरसाती, माक्स, दास्ताने, गलाऊज , काम के ओजरो मे कस्सी,रिक्सा व हाथ रेहड़ी, सभी सफ़ाई दरोगाओ की बीटो पर एक- एक शाटोर रूम महिलाओ के लिए शौचालय व सभी जरूरत का समान आदि कर्मचारियो की लम्बित मांगो को लेकर कार्यकारी अधिकारी व जिला पालिका आयुक्त कार्यालय पर पहले भी गेट मीटिंग करके ज्ञापन दिया गया था। ये कर्मचारी जिला अपायुक को भी अपनी माँगो व समस्याओ बारे मिल चुके हैं। सभी ने जल्द वेतन देने व अन्य मांगो के समाधान का ठोस आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक ना तो वेतन का भुगतान किया गया ओर न ही वेतन मे से कटा हुआ ईपीएफ व ईएसआई का पूरा पैसा कर्मचारियो के खाते में डाला गया।


कैथल। सकसं नेता कर्मचारियों से बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नगरपालिका कर्मचारी संघ से अमित क्योड़क, मुकेश कुमार , शीशपाल,कपिल कल्याण अमित कुमार जालन्धरी बाबू दरोगा सुशील कुमार महिला विंग प्रधान संतरो देवी, वर्षा, सुरेखा, विधा,सरोज, पूजा कल्याण, बीना, रामदेव, सन्नी कांगडा,दर्शन कुमार,सुरेश कुमार, सोनू कल्याण व अन्य कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य कर्मियों ने मांगा पंचायत से सहयोग

**जींद।** पीएचसी दरियावाला के ढांडा गांव में एमपीएचडब्ल्यू सुशील शर्मा ने सरपंच, पंच व आंगनवाड़ी वर्कर से गांव में मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के बारे जागरूक करने की अपील की गई। इस दौरान डेंगू बुखार के कारण, लक्षण व बचाव के तरीके बताए गए। सुशील शर्मा ने जागरूक करते हुए बताया कि बरसात के मौसम में इस बीमारी का फैलने का खतरा बढ़ जाता है।

### अस्पताल मे व्यक्ति की जेब से तीस हजार चोरी

**जींद।** नागरिक अस्पताल में दवाइयों वाली लाइन में लगे व्यक्ति की जेब से तीस हजार की नगदी चोरी हो गई। सिविल लाइन पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मुआना निवासी राकेश ने बताया कि वह अस्पताल में दवाई लेने आया हुआ था। दवाइयां लेने के लिए दवाई काउंटर की लाइन में लगा हुआ था। उसी दौरान किसी व्यक्ति ने भीड़ का फायदा उठा कर उसकी जेब से तीस हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली।

### वेबसाइट से डाउनलोड करें एडमिट कार्डः डीसी

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग एचएसएससी द्वारा प्रदेश में शनिवार 26 जुलाई व रविवार 27 जुलाई को ग्रुप सी की सीईटी यानी कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) ने सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) के लिए प्रवेश पत्र ;एडमिट कार्डद्ध साइट पर अपलोड कर दिए हैं। परीक्षार्थी एचएसएससी की साइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

### मजदूर संघ ने मनाया स्थापना दिवस

**जींद।** पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ के जिला कार्यालय में मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया। प्रधान सतबीर बूरा व विनोद शर्मा ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ की स्थापना 23 जुलाई 1955 को आजादी के प्रणेता बाल गंगाधर तिलक तथा महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के जन्म दिवस पर भोपाल में संघ के वरिष्ठ प्रचारक माननीय दतोपंत ठेंगड़ी द्वारा की गई।

### अनुशासन व जनसंपर्क को दें प्राथमिकताः ज्योति

**कैथल।** भाजपा जिला कार्यालय कपिल कमल कैथल में नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी की प्रथम बैठक जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें प्रभारी अमरपाल राणा उपस्थित रहे। ज्योति सैनी ने कहा कि संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और आगामी कार्य योजनाओं को साझा किए। सभी कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लें।

---

अस्पताल प्रशासन ने सिटी स्कैन के पास की जगह की चिह्नित

# अब नागरिक अस्पताल में मरीजों को जल्द मिलेगी एमआरआई की सुविधा




- टीबी वार्ड और एमरजेंसी के पीछे की जगह का प्रपोजल बना कर मुख्यालय भेजा
- सरकारी स्तर पर जिला में नही है एमआरआई की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला नागरिक अस्पताल में जल्द ही मरीजों को एमआरआई की सुविधा उपलब्ध होगी। अब अस्पताल में मरीजों के लिए पीपीपी मोड पर एमआरआई शुरू करने की अस्पताल प्रशासन तैयारी कर रहा है। इसके लिए मुख्यालय से भी अस्पताल को गाइडलाइन मिल चुकी हैं। अस्पताल प्रशासन जगह का चयन कर लिया है। अस्पताल प्रशासन ने टीबी वार्ड और एमरजेंसी के पीछे की जगह का प्रपोजल भेजा है। अब मुख्यालय की टीम के निरीक्षण के बाद ही फाइनल जगह का चयन होगा।

### सरकारी में नहीं थी सुविधा

नागरिक अस्पताल जींद, उचाना, नरवाना, सफीदों में एमआरआई की सुविधा नही है। गंभीर रोगों का पता लगाने के लिए जिले में यह सुविधा नही होने से मरीजों को हिसार, रोहतक, खानपुर रेफर किया जाता था। इसमें एक तो एमआरआई की जांच महंगी होती दूसरा मरीजों को दूर जाने में रुपये खर्च करने पड़ते और पूरा दिन इस जांच में खराब होता था। हिसार व रोहतक समेत अन्य शहरों में एमआरआई के लिए मरीजों की भीड़ लगी रहती है। इसके लिए कई घंटे तो मरीजों को लाइन में लग कर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता था। अब अस्पताल में यह सुविधा शुरू होने के बाद मरीजों को राहत मिलेगी।

### एमआरआई सुविधा का मरीजों को होगा फायदा

एमआरआई की सुविधा बीपीएल परिवारों और आरक्षित वर्ग के लोगों को सरकार की निर्धारित दरों पर निशुल्क व सस्ती दी जाती है। यदि एमआरआई की सुविधा शुरू होती है तो आरक्षित वर्ग को यह सेवा मुफ्त में और अन्य वर्गों को बाजार से कम दरों पर उपलब्ध हो सकेगी। एमआरआई एक आधुनिक चिकित्सा तकनीक है, जो शरीर के विभिन्न अंगों और ऊतकों की गहन जांच के लिए उपयोग की जाती है। इसके माध्यम से मस्तिष्क, रीढ़ की हड्डी, जोड़, पेट, स्तन, रक्त वाहिकाएं और हृदय की विस्तृत छवियां प्राप्त की जाती हैं। बीपीएल से जुड़े मरीज जो निजी अस्पताल में जाकर एमआरआई की सुविधा प्राप्त नहीं कर सकते हैं, उन्हें जींद से रोहतक का लगभग 70 किलोमीटर का सफर तय करके पीजीआई जाना पड़ता है। जहां मरीज को लगभग दो हजार रुपये तक का भुगतान करना पड़ता है।

### मुख्यालय को भेजा प्रपोजलः डॉ. राजेश भोला

डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि अस्पताल में पीपीपी मोड पर एमआरआई शुरू करने का प्रस्ताव भेजा गया है। इसमें अस्पताल प्रशासन ने टीबी वार्ड और एमरजेंसी के पीछे की जगह का प्रपोजल बना कर भेजा है। अब मुख्यालय की टीम के निरीक्षण के बाद ही फाइनल जगह का चयन होगा। अब मुख्यालय की टीम निरीक्षण करके निर्णय ले सकती है। इसके बाद मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं जिला नागरिक अस्पताल में ही मिल सकेंगी।

## स्वास्थ्य महानिदेशक आज जाचेंगे नागरिक अस्पताल की व्यवस्थाएं





**जींद।** स्वास्थ्य महानिदेश के दौरे को देखते हुए शाम के समय व्यवस्थाएं बनाने में लगे स्वास्थ्यकर्मी व नागरिक अस्पताल में खराब पड़ा ऑक्सीजन प्लांट।

**जींद।** स्वास्थ्य महानिदेशक वीरवार को जींद सामान्य अस्पताल का दौरा करने आ रहे हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक के दौरे को देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग भी पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। सिविल सर्जन, पीएमओ द्वारा ने नागरिक अस्पताल के डॉक्टरों व कर्मियों को आदेश दिए हैं कि कोई भी अपने कार्य में लापरवाही न बरते। बुधवार को स्वास्थ्य अधिकारी अस्पताल में दी जाने वाली सेवाओं को बेहतर बनाने में जुटे रहे। इसके अलावा नोडल अधिकारियों को अपने-अपने कार्यों को लेकर विशेष व्यवस्थाएं बनाने के आदेश दिए गए हैं। इसके अलावा जब तक स्वास्थ्य महानिदेशक का निरीक्षण नही हो जाता तब तक कोई भी अधिकारी व कर्मचारी अपनी डयूटी से नदारद नहीं रहेगा।

**व्यवस्था चमकाने में जुटे अधिकारीः** स्वास्थ्य महानिदेशक एक-एक कर अस्पतालों का निरीक्षण कर रही हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक के निरीक्षण को देखते हुए स्वास्थ्य अधिकारी बुधवार को व्यवस्थाओं को बनाने में जुटे रहे। स्वास्थ्यकर्मी अस्पताल को साफ -सुथरा और चकाचक किया।

**अधिकारियों को दिए दिशाः** स्वास्थ्य महानिदेशक के दौरे को देखते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र की जिम्मेवारी लेते हुए कार्य करने के आदेश दिए गए हैं। इन आदेशों के तहत सभी अधिकारी व कर्मचारी बायोमेट्रिक एवं मैन्युअल उपस्थिति अपनी-अपनी संस्था में दर्ज करेंगे। सभी अधिकारी व कर्मचारी ड्रेस कोड में रहेंगे। सभी स्वास्थ्य संस्थानों की साफ-सफाई का ध्यान रखा जाएगा। पार्किंग में वाहनों की उचित व्यवस्था हो। सभी नेशनल प्रोग्रामों से संबंधित आईईसी की उचित व्यवस्था हो। बिजली एवं पानी की समुचित व्यवस्था हो।

## छात्रावास के पूर्व कैशियर पर लाखों के गबन का आरोप

- तीन साल का कार्यकाल पूरा होने पर भी नही दिया आय-व्यय का ब्योरा, संस्था ने पुलिस को दी शिकायत



संत कबीर छात्रावास।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

संत कबीर महासभा द्वारा बनवाए जा रहे संत कबीर छात्रावास की कार्यकारिणी में कैशियर रहे जेनेंदर कुमार पर अपने तीन साल के कार्यकाल में संस्था के खाते में लाखों रुपये का गबन का आरोप लगाया है। संस्था सदस्यों ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। जेनेंदर कुमार 25 जुलाई 2021 से 24 जुलाई 2024 की कार्यकारिणी में कैशियर रहे। अपना कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद भी आज तक पूरा हिसाब नहीं दिया। संस्था ने लगातार हिसाब देने के लिए संस्था की बैठकों की कार्रवाई बुक में कार्रवाई ऐजेंडा में बार- बार लिखकर कैशियर से हिसाब मांगा लेकिन जेनेंदर कुमार बार बार कोई न कोई बहाना बनाते रहे। जेनेंदर कुमार जींद हमेटी में कृषि विकास अधिकारी के पद पर हैं। पदोन्नति के बाद गोहाना में सेवारत हैं।

संस्था के अध्यक्ष सतबीर सिंह लाडवाल ने बताया कि आठ दिसंबर 2024 को मतदान के बाद संस्था की नई कार्यकारिणी अस्तित्व में आई है। पूर्व कैशियर जेनेंदर कुमार ने नई कार्यकारिणी के गठन के छह माह बाद भी कैश का चार्ज नव निर्वाचित कैशियर को नहीं दिया है। संस्था द्वारा पूर्व कैशियर को चार्ज देने के लिए कई नोटिस भी भेजे गए। पर एक भी नोटिस का जवाब नहीं दिया। इस के अलावा संस्था द्वारा कैशियर को आठ बार हिसाब देने के लिए बुलाया, परन्तु कैशियर उपस्थित नहीं हुआ।

### कबीर संस्था के प्रधान ने पुलिस को दी शिकायत

संस्था के अध्यक्ष सतबीर सिंह लाडवाल ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि पूर्व कैशियर ने अनेक बोगस बिल बना कर संस्था को नुक्सान पहुंचाया है। कुछ बिल ऐसे भी हैं जिन्हें दो बार दिखा कर संस्था के पैसे हडपे गए हैं। कैशियर ने अपने आप बिल बना कर संस्था के पैसों को हड़पा है। जब संस्था ने हिसाब मांगा तो हर बार कैशियर ने अलग-अलग आंकड़े दिए। अब कैशियर ने पूरा और सही हिसाब देने से बिल्कुल मना कर दिया है। प्रधान सतबीर सिंह लाडवाल ने बताया कि कैशियर जेनेंदर कुमार की कार्य अवधि में सरकार से कुल 32 लाख रुपये की सरकारी ग्रांट आई है। जबकि उन्होंने अपने रिकॉर्ड में सिर्फ 21 लाख रुपये की ग्रांट को ही दर्शाया है। इस प्रकार 11 लाख रुपये की ग्रांट का कैशियर के पास कोई हिसाब नहीं है। इस प्रकार करीब छह लाख रुपये का सीधा गबन सामने सामने आया है।

## शहीद आज़ाद की जयंती पर प्रतियोगिता

- राकवमावि की छात्राओं ने सामान्य ज्ञान में दिखाई प्रतिभा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



**कलायत।** प्रतिभागी छात्राओं के साथ प्रवक्ता विश्व प्रताप राणा व अन्य।

बुधवार को शहीद चंद्रशेखर आज़ाद की जयंती पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कलायत में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुई। शहीद भगतसिंह पुस्तकालय द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में कक्षा 8वीं, 9वीं और 10वीं की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता के प्रश्न समाज, विज्ञान और स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों पर आधारित थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामगोपाल ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए सामान्य ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्रवक्ता विश्व प्रताप राणा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि 23 जुलाई 1906 को जन्मे चंद्रशेखर आज़ाद ने मात्र 25 वर्ष की आयु में देश की आज़ादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। असहयोग आंदोलन के बाद वे 'हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन ' से जुड़े और भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों के साथ काम किया।शहीद भगतसिंह पुस्तकालय की ओर से अजय ने आज़ाद के जीवन को देशभक्ति, साहस और बलिदान का प्रतीक बताया। उन्होंने छात्राओं से देश की एकता और विकास के लिए समर्पित होने का आह्वान किया।

## अमरनाथ भगत ने किया सेरधा कालेज का दौरा

**राजौंद।** अमरनाथ भक्त सेरधा के अमरनाथ भक्त जयराम राजकीय महिला महाविद्यालयमें पहुंचे। उन्होंने स्पेशल कालेज के स्टाफ से मिलने और उनका कुशलक्षेम जानने के लिए गांव सेरहदा में आए। प्राचार्या मधु वालिया व स्टाफ से मिले व प्रबंधन कमेटी से बात कर उन्हें पद पर बनाए रखने की सिफारिश का आश्वान दिया। प्राचार्या ने बताया कि टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ पिछले अनेकों सालों से कालेज को सेवाएं दे रहे हैं। सरकार ऐसा कोई रास्ता निकाले कि लगातार पंद्रह बीस वर्षों से लगे हुए स्टाफ को हटाया न जाए। अमरनाथ भक्त जी 97 वर्ष के हो चुके हैं लेकिन आज भी समाज के लिए उनके दिल सेवा भाव है।

## शिवरात्रि पर रोपित किए 100 पौधे

- एनएसएस व इको क्लब ने नरवाना थाने में लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




**जींद।** पौधरोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

शिवरात्रि पर एसपी कुलदीप सिंह व डीएसपी कमलदीप सिंह राणा के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ एनएसएस व इको क्लब की संयुक्त गतिविधि के तहत सदर थाना नरवाना परिसर में 100 पौधे रोपित किए। पर्यावरण संतुलन व हरियाली बढ़ाने की दिशा में सार्थक पहल करते हुए दो त्रिवेणी का संयुक्त वृक्षारोपणद्ध भी विशेष रूप से किए गए। इस अवसर पर थाना प्रभारी सदर नरवाना पूर्ण दास सिंह, प्राचार्य गजेन्द्र कुमार शर्मा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सतीश कुमार और इको क्लब इंचार्ज अंजना शर्मा के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर लगभग 100 विद्यार्थियों ने अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। सभी बच्चों ने थाना परिसर में उत्साहपूर्वक पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को दर्शाता हैए बल्कि छात्रों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी जागृत करता है। कार्यक्रम के दौरान एसएचओ पूर्णदास सिंह ने बच्चों को साइबर क्राइम की बढ़ती घटनाओं, उनके खतरों और उनसे बचाव के उपायों के संबंध में जानकारी दी।

## सरस्वती स्कूल में महाशिवरात्रि व तीज पर कार्यक्रम आयोजित



**अलेवा।** नगूरां के सरस्वती पब्लिक स्कूल में महाशिवरात्रि और तीज का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोआर्डिनेटर वंदना ने की तथा मुख्य रूप से प्रबंधक कुलदीप दलाल, प्राचार्या डा. प्रदीप खटकड़ व कमेटी सदस्य रामपाल ने भाग लिया। छोटे-छोटे बच्चों ने शिव स्तुति, शिवरात्रि, तीज पर्व पर बहन व भाई की कोथली पर मां.बाप की थीम पर विभिन्न नाटक और नृत्य प्रस्तुत किए। प्रबंधक कुलदीप दलाल ने कहा कि शिव रात्रि के दिन कावड़ यात्रा का समापन्न होता है। शिव भक्त श्रद्धालु कावड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार से पवित्र गंगा नदी से जल भरकर लाते हैं। शिव रात्रि के दिन गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक कर परिक्रमा को निभाते हैं। शिव रात्रि के दिन काफ ी संख्या में श्रद्धालु शिवरात्रि का व्रत भी रखने के साथ इसका पालन करते हुए मंदिरों में जाकर भोले बाबा को जल चढाते है।

## श्री श्याम वाटिका स्कूल में कार्यक्रम

- स्कूली बच्चों ने भगवान शिव व माता पार्वती के दृश्य दर्शाए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



**नरवाना।** शिव पार्वती बने बच्चे।

शिवरात्रि पर श्री श्याम बाल वाटिका विद्यालय में भक्ति और संस्कार से परिपूर्ण वातावरण में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कक्षा 2 से कक्षा 6 तक के विद्यार्थियों के लिए दोहा वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को उनकी आयु के अनुसार दो श्रेणियों दृ सब.जूनियर और जूनियर में बाँटा गया। छात्रों ने कबीरए रहीम तुलसीदास जैसे महान संतों के दोहों को सुंदर उच्चारण और भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ सुनाया। प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल भाषा में प्रवाह लाना था बल्कि विद्यार्थियों में हमारी सांस्कृतिक जड़ों के प्रति प्रेम और सम्मान भी जगाना था। निर्णायक मंडल ने प्रस्तुतिए उच्चारण भाव.प्रवणता और स्मरणशक्ति के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया और प्रत्येक श्रेणी में प्रथमए द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की घोषणा की गई। जिसमें सब.जूनियर वर्ग में कौशल प्रथमए तन्वी दूसरे स्थान पर और यशस्वी तृतीय स्थान पर रही। जूनियर वर्ग में आयुषी प्रथमएकाश्वी दूसरे स्थान पर और शाकिर तृतीय स्थान पर रहे। बच्चों ने भोलेनाथ की महिमा का गुणगान करते हुए भक्तिरस में डूबे मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की निर्देशक कृष्ण अरोड़ा के प्रेरणादायी शब्दों से हुआए जिनमें उन्होंने भगवान शिव के आदर्शों को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। अंत में विजयी छात्रों को सम्मानित किया गया।

## कैथल की बेटी नीति को मिला प्रतिष्ठित कॉमनवेल्थ फेलोशिप



नीति चौधरी

पी.एच.डी. के दौरान निति ने 9.8 सीजीपीए हासिल की

**कैथल।** सेक्टर 19 निवासी आईआईटी रुड़की की शोधार्थी नीति चौधरी को प्रतिष्ठित कॉमनवेल्थ फेलोशिप मिला है। नीति चौधरी को वर्ष 2025 की कॉमनवेल्थ फेलोशिप (यूके) से सम्मानित किया गया है। यह फेलोशिप विश्व की सर्वाधिक प्रतिष्ठित अकादमिक छात्रवृत्तियों में गिनी जाती है। बचपन से ही पढ़ाई के प्रति उनकी लगन और समर्पण ने उन्हें लगातार ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उन्होंने गेट (ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग) परीक्षा में शानदार रैंक प्राप्त कर आईआईटी रुड़की में दाखिला लिया, जो देश के सर्वोच्च तकनीकी संस्थानों में गिना जाता है।

पीएच.डी. के दौरान निति ने 9.8 सीजीपीए हासिल कर अपने विभाग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उनकी अनेक उत्कृष्टता को देखते हुए भारत सरकार ने उन्हें प्रधानमंत्री अनुसंधान फेलोशिप प्रदान की, जो देश के चुनिंदा प्रतिभाशाली शोधकर्ताओं को दी जाती है। उनका शोध कार्य भी उल्लेखनीय रहा है। अब तक वह 15 से अधिक शोध पत्र प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित कर चुकी हैं।

## पिल्लूखेड़ा में सुनीं जनसमस्याएं

- रात्रि ठहराव : बोले डीसी, समस्याओं का समाधान प्रशासन का ध्येय।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** जन समस्याएं सुनते डीसी व मौजूद ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जिला प्रशासन व सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि आमजन की समस्या का निवारण कम से कम समय में उनके घर. द्वार पर ही हो। जिला प्रशासन के रात्रि ठहराव कार्यक्रम बहुत कारगर सिद्ध हो रहे हैं। इन कार्यक्रमों के दौरान मौके पर ही लोगों की समस्या सुनकर उनका निवारण करने के प्रयास किए जाते हैं। इसके साथ-साथ विभिन्न विभागों के माध्यम से पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने को लेकर कार्यवाही की जाती है। डीसी ने बताया कि जिला का यह सातवां रात्रि ठहराव कार्यक्रम है। जिससे माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान उनके घर द्वार के नजदीक पहुंचकर किया जा रहा है। इस दौरान डीसी द्वारा गांव की आंगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण किया और बिजली कनैक्शन सम्मबधी समस्या के निवारण के लिए सरपंच को निर्देश दिए। उन्होंने रावमावि समिति की मांगों पर नियमानुसार बड़ा आरओ, मनरेगा से शैड निर्माण व सोलर पैनल लगवाने का आश्वासन दिया। डीसी मंगलवार देर रात्रि गांव पिल्लूखेड़ा में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। ग्रामीणों पुरानी अनाज मंडी में बिजली सप्लाई को दुरूस्त करने, कूड़े के लिए स्थान देने, सफाई कर्मचारी लगाने, स्टेडियम, प्लाट से अवैध कब्जे हटवाने की मांग की।

**आयोजन** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लंबित आवेदनों का सत्यापन जल्द करें पूराः डीसी

प्रशासन के पास अभी तक 20 आवेदनों की वेरिफकेशन का काम पड़ा है लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

डीसी प्रीति ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध लाभ पहुंचे। इसके लिए सभी अधिकारी निर्धारित मापदंड अनुसार कार्य करना सुनिश्चित करें। यदि कोई लंबित आवेदन है, जिसका सत्यापन लंबित है, उस कार्य को जल्द पूरा करें। इस योजना का उद्देश्य कारीगरों व शिल्पकारों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना है। डीसी प्रीति बुधवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत जिला कार्यान्वयन समिति की बैठक के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत शहरी क्षेत्र में किसी भी आवेदन की वेरिफिकेशन लंबित नहीं है, जबकि ग्रामीण क्षेत्र में 20 आवेदनों की वेरिफिकेशन लंबित है। संबंधित बीडीपीओ को निर्देश जारी करते हुए कहा कि कैथल व राजौंद में 1-1, ढांड में 4, पूंडरी में 2, गुहला में 9, सीवन में 3 आवेदन की वेरिफिकेशन लंबित है। सरपंचों से लंबित आवेदनों के वेरिफिकेशन कार्य को जल्द पूरा करवाएं।

### सीएससी सेंटर से करें आवेदन

एमएसएमई विभाग से उप निदेशक डॉ. कपिल मित्तल ने बताया कि कारीगर पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ लेने के लिए अपना पंजीकरण करने के लिए अपने नजदीकी सीएससी से संपर्क करें। योजना में सर्टिफिकेट, टुल किट खरीदने के लिए ई-वाउचर के रूप में 1 लाख 5 हजार रुपये का अनुदान, मुफ्त प्रशिक्षण जिसमें 500 रुपये प्रतिदिन भत्ते के साथ व मार्केटिंग स्पोर्ट तथा डिजिटल लेन देन के लिए प्रोत्साहन, जिसमें प्रति माह 100 ट्रांजेक्शन पर एक रुपया नकद अनुदान प्राप्त होगा। इस मौके पर एडीसी दीपक बाबू लाल करवा, उप निदेशक डॉ. कपिल मित्तल, डीडीपीओ कंवर दमन, बलदेव सिंह, मुकेश, सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।